आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 22.08.2024 समय : 1905

- सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे कोलकाता दुष्कर्म पीड़िता की पहचान से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करें।
- विभिन्न न्यायालयों में लम्बित पड़े सुनवाई पूर्व स्तर के मामलों के निपटारे के लिए द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत उत्पादकता को बढ़ाने और आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा उपकरणों के साथ किसानों को सहयोग प्रदान करने के लिए कुछ और परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है।
- द्वीपसमूह में इस महीने की तीस तारीख को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा।
- अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से अंडमान निकोबार और केरल के टीमों के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

इलैक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना में मृतका की पहचान से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करें। न्यायालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को निर्देश दिया है कि वे मृतका के नाम के सभी संदर्भ और तस्वीरों के साथ वीडियो क्लिप तुरंत हटायें। मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से कहा है कि वे न्यायालय के आदेश के अनुपालन के बारे में cyberlaw-legal@meity.gov.in पर सूचित करें।

<><><><><><><>

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटिंग में विश्व की अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी एन–वीडिया ने भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन में सहयोग का भरोसा दिलाया है। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की विशिष्ट समस्याओं के समाधान में आर्टिफिशियल

इंटेलिजेंस के उपयोग पर एन–वीडिया के साथ चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत के स्वयं के ए आई चिप विकसित करने में सहयोग पर भी बातचीत हुई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लगभग दस हजार तीन सौ बहत्तर करोड़ रूपए के बजट आवंटन के साथ मार्च में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन को स्वीकृति दी थी। इसका उद्देश्य सरकारी–निजी साझेदारी और रणनीतिक कार्यक्रमों के जरिए भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में नवाचार को व्यापक प्रोत्साहन देना है।

<><><><><><><>

विभिन्न न्यायालयों में लम्बित पड़े सुनवाई पूर्व स्तर के मामलों के निपटारे के लिए द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला न्यायालय परिसर पोर्ट ब्लेयर, उप–संभागीय न्यायालय परिसर मायाबंदर और सर्किट कोर्ट डिगलीपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते में चेक बाउंस मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा पैसे के प्राप्ति के मामलों, श्रम विवाद, बिजली–पानी बिल से जुड़े विवादों के साथ–साथ रखरखाव मामले, नागरिक विवाद और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत विवादों का निपटारा किया जाएगा। अंडमान निकोबार राज्य विधि सेवा प्राधिकरण ने संबंधित लोगों से विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई और समाधान करने के लिए लोक अदालत में शामिल होने का अनुरोध किया है। लोक अदालत में शामिल किए जाने वाले विवादों को लिखित में ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के पास मामलों को आठ सितम्बर तक भेजने को कहा गया है, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में होने वाली सुनवाई में इन मामलों का रखा जा सके। अधिक जानकारी के लिए ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत उत्पादकता को बढ़ाने और आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा उपकरणों के साथ किसानों को सहयोग प्रदान करने के लिए कुछ और परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। कृषि विभाग की ओर से क्रियान्वित की जा रही इस योजना के तहत किसानों को कार्बन फाइबर टेलीस्कोप हारवेस्टर की खरीद के लिए पचास प्रतिशत रियायत पर सहयोग दिया जाएगा, जो तीस हजार रूपये तक सीमित होगी। मोटराइज्ड अरकानेट हारवेस्टिंग बाईक तथा नारियल पेड़ पर चढ़ने के लिए यंत्रीकृत मशीन पर भी पचास प्रतिशत की रियायत मिलेगी। योजना का लाभ उठाने के इच्छुक कृषकों से अपने–अपने क्षेत्र

के अंचल अधिकारी से संपर्क करने और जरूरी दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने को कहा गया है। और जानकारियां किसान कॉल सेन्टर से फोन पर भी हासिल की जा सकती है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में इस महीने की तीस तारीख को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली और अंडमान निकोबार प्रशासन के सहयोग से आयोजित की जाने वाली अभ्यास के दौरान तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। पोर्ट ब्लेयर में आयोजित बैठक में आपदा प्रबंधन के सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने इस अभ्यास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने पर भी बल दिया। आपदा प्रबंधन के निदेशक अज़ीरूद्दीन ज़हीरूद्दीन वाज़ी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए सभी हितधारकों से अपनी–अपनी भूमिका निभाने का अनुरोध किया। वरिष्ठ परामर्शदाता अवकाश प्राप्त कमांडेंट आदित्य कुमार ने सामुदायिक भागीदारी पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से सैडलपिक तक आयोजित मोटर साइकिल व पर्वतारोहण अभियान का समापन हो गया है। दस से सत्रह अगस्त तक चले अभियान का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को शामिल कर देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करना था। सात सौ किलोमीटर से अधिक इस यात्रा का सत्रह अगस्त को पोर्ट ब्लेयर में समापन हो गया। यात्रा के दौरान अभियान दल के सदस्यों ने करीब एक हजार युवाओं से मुलाकात की और पांच सौ से अधिक बीज रोपे गए।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से अंडमान और केरल के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। सत्रह वर्ष आयु वर्ग के लड़कों के लिए पच्चीस अगस्त को ये टूर्नामेंट विम्बर्लीगंज के मिनी स्टेडियम में शाम तीन बजे और नेताजी स्टेडियम में छब्बीस अगस्त को शाम तीन बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ड्राइविंग स्कूल डे कल मनाया जाएगा। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशन, ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशन की अखिल भारतीय फेडरेशन के साथ कल सुबह साढ़े दस बजे आर टी ओ कार्यालय से रैली निकालेगी।

<><><><><><><>

कार निकोबार आदिवासी परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने पूर्व राईट रेवरेंट क्रिस्टोफर पॉल के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। शव यात्रा कल दिन में दो बजे इनके क्षेत्र से आरंभ होगी। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने भी इनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से बम्बू, बेंत और नारियल के खोल शिल्प पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मनारघाट पंचायत हॉल में चार सितम्बर तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत प्रधान साजिदा बानू ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल तेईस उम्मीदवार भाग ले रहे हैं। इन्हें हस्तशिल्प बनाने की विधि से अवगत कराया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार अवसरों का लाभ उठा सके।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान की कौशल विकास कार्यक्रम केन्द्र की ओर से नए बैच के लिए छः माह अवधि का पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। ऑटोमोबाइल अनुभाग में चार पहिया वाहनों की सर्विसिंग पर आधारित इस पाठ्यक्रम में कुछ सीटे रिक्त हैं। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर इक्कतीस अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>